**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 29.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

## मुख्य समाचार

- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम चार बजे करेंगे राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, राज्यहित में सरकार कई प्रस्तावों को दे सकती है स्वीकृति।**

- **राज्य सरकार का जनजातीय समुदाय के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर, कल्याण विभाग के सभी विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रुप में संचालित करने का निर्देश।**

- **पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया, कई अन्य के घायल होने का दावा, सर्च अभियान में मिली दो इंसास राइफल।**

- **प्रयागराज में जारी महाकुंभ में भगदड़ के बाद हालात काबू में, मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान जारी, लगभग चार करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी।**

- **हॉकी इंडिया लीग में आज सूरमा हॉकी क्लब का सामना श्राची राढ़ बंगाल टाइगर और यूपी रुद्राज का मुकाबला तमिलनाडु ड्रैगन्स से होगा।**

## अब समाचार विस्तार से

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम चार बजे रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक करेंगे। बैठक में मंइयां सम्मान योजना की उन लाभुकों को मार्च तक की छूट देने का निर्णय लिया जा सकता है, जिनके बैंक एकाउंट आधार से लिंक नहीं हैं। इसके अलावा राज्य हित में सरकार कई अन्य अहम फैसले ले सकती है।

**********************

राज्य सरकार ने कल्याण विभाग के सभी विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रुप में संचालित करने का निर्देश दिया है। राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि जनजातीय वर्ग के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना चाहिए। उन्होंने मौके पर शिक्षा कैलेंडर भी जारी किया। इसके अनुसार राज्य के 59 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों सहित सभी आवासीय विद्यालयों में कक्षा छह से आठ में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 9 मार्च को होगी।

**********************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को एक बार फिर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि सरकार गड़बड़ी करने वालों को प्रोत्साहित कर रही है।

**********************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन सेटैलाइट एनवीएस–02 का सफल प्रक्षेपण किया। इसे सुबह छह बजकर 23 मिनट पर जीएसएलवी–एफ–15 प्रक्षेपण यान से छोड़ा गया। सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से यह इसरो का सौंवा ऐतिहासिक प्रक्षेपण है। एक रिपोर्ट–

*********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। कुछ के घायल होने की भी सूचना है। एसपी आशुतोष शेखर को सूचना मिली थी कि सोनुवा थाना क्षेत्र में नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का दस्ता किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील है। इसके बाद सुरक्षाबलों के द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। सुरक्षा बलों को सर्च अभियान में दो इंसास राइफलें भी मिली है।

*********************

जामताड़ा जिले में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता।

*********************

प्रयागराज में जारी महाकुंभ में भगदड़ के बाद अब हालात पूरी तरह से काबू में है। मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रदालुओं से अपील की है कि वे अपने समीप के गंगा घाट पर डुबकी लगाएं। मौनी अमावस्या का धार्मिक

दृष्टि से विशेष महत्व है और इस दिवस पर अमृत स्नान अत्यंत पावन माना जाता है। अब तक लगभग चार करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी है। एक रिपोर्ट—

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ में हुए भगदड़ हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि हादसे में जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति उनकी गहरी संवेदना है। श्री मोदी ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा है कि स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में वह स्वंय राज्य सरकार के संपर्क में हैं।

*********************

गणतंत्र दिवस समारोहों का समापन आज शाम नई दिल्ली में बीटिंग रिट्रीट से होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। ब्योरा हमारे संवाददाता से –

*********************

हॉकी इंडिया लीग में आज शाम छह बजे जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का सामना श्राची राढ़ बंगाल टाइगर से होगा। इसके बाद, सवा आठ बजे यूपी रुद्राज का मैच तमिलनाडु ड्रैगन्स से होगा। ये दोनों मैच राउरकेला में होंगे। इससे पहले कल गोनासिका ने शूटआउट में हैदराबाद तूफांस को तीन—एक से हरा दिया। अंक तालिका में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर पहले और हैदराबाद तूफांस दूसरे स्थान पर है। प्रतियोगिता के सेमिफाइनल मैच 31 जनवरी को खेले जायेंगे जबकि फाइनल एक फरवरी को होगा।

*******समाप्त*************